# UP Board Solution Class 9 भूगोल Chapter 1 भारत-आकार वे स्थिति Bhugol

**प्रश्न अभ्यास**
**पाठ्यपुस्तक से**

**प्रश्न 1.** नीचे दिए गए चार विकल्पों में से सही उत्तर चुनें।

**(i) कर्क रेखा किस राज्य से नहीं गुजरती?**

**(क)** राजस्थान
**(ख)** उड़ीसा
**(ग)** छत्तीसगढ़
**(घ)** त्रिपुरा

**(ii) भारत को सबसे पूर्वी देशांतर कौन सा है ?**

**(क)** 97° 25′ पू०
**(ख)** 77°6′ पू०
**(ग)** 68° 7′ पू०
**(घ)** 82° 32′ पू०

**(iii) उत्तराखण्ड, उत्तर प्रदश, बिहार, पश्चिम बंगाल और सिक्किम की सीमाएँ किस देश को छूती हैं?**

**(क)** चीन
**(ख)** भूटान
**(ग)** नेपाल
**(घ)** म्यांमार

**(iv) ग्रीष्मावकाश में आप यदि कवरत्ती जाना चाहते हैं तो किस केंद्र शासित क्षेत्र में जाएँगे?**

**(क)** पुडुच्चेरी।
**(ख)** लक्षद्वीप
**(ग)** अंडमान और निकोबार
**(घ)** दीव और दमन

**(v) मेरे मित्र एक ऐसे देश के निवासी हैं जिस देश की सीमा भारत के साथ नहीं लगती है। आप बताइए, वह कौन-सा देश है?**

**(क)** भूटान
**(ख)** ताजिकिस्तान
**(ग)** बांग्लादेश
**(घ)** नेपाल

eVidyarthi

**उत्तर :**

**(i)** (ख)
**(ii)** (क)
**(iii)** (ग)
**(iv)** (ख)
**(v)** (ख)

**प्रश्न 2.** नीचे दिए गए प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दें।

1. अरब सागर तथा बंगाल की खाड़ी में स्थित द्वीप समूह के नाम बताइए। दक्षिण में कौन-कौन से द्वीपीय देश हमारे पड़ोसी हैं?
2. उन देशों के नाम बताइए जो क्षेत्रफल में भारत से बड़े हैं?
3. हमारे उत्तर-पश्चिमी, उत्तरी तथा उत्तर-पूर्वी पड़ोसी देशों के नाम बताइए।
4. भारत में किन-किन राज्यों से कर्क रेखा गुजरती है, उनके नाम बताइए।

**उत्तर :**

1. अरब सागर में लक्षद्वीप तथा बंगाल की खाड़ी में अंडमान और निकोबार द्वीप समूह स्थित हैं। दक्षिण में श्रीलंका तथा मालदीव द्वीपीय देश हमारे पड़ोसी हैं।
2. रुस, कनाडा, अमेरिका, चीन, ब्राजील और आस्ट्रेलिया क्षेत्रफल में भारत से बड़े हैं।
3. हमारे उत्तर-पश्चिमी पड़ोसी देश : पाकिस्तान, अफगानिस्तान
   हमारे उत्तरी पड़ोसी देश : चीन (तिब्बत), नेपाल एवं भूटान।
   हमारे उत्तर-पूर्वी पड़ोसी : म्यांमार और बाग्लादेश।
4. कर्क रेखा गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा एवं मिजोरम राज्यों से होकर गुजरती है।

**प्रश्न 3.** सूर्योदय अरूणाचल प्रदेश के पूर्वी भाग में गुजरात के पश्चिमी भाग की अपेक्षा 2 घंटे पहले क्यों होता है, जबकि दोनों राज्यों में घड़ी एक ही समय दर्शाती है? स्पष्ट कीजिए।
**उत्तर :** गुजरात और अरूणाचल प्रदेश में समय का 2 घण्टे का अंतर है। गुजरात की अपेक्षा अरूणाचल प्रदेश में सूर्य 2 घण्टे पहले उदय होता है किन्तु फिर भी दोनों राज्यों में घड़ियाँ एक ही समय दिखाती हैं। पृथ्वी एक अक्षांश घूमने में 4 मिनट का समय लेती है। इसलिए, 15 अक्षांश घूमने में पृथ्वी को 1 घण्टा लगता है। भारत का अक्षांशीय विस्तार 30° है। और इसलिए देश के सबसे पूर्वी तथा सबसे पश्चिमी भाग के बीच समय का 2 घण्टे का अंतर है। किन्तु भारत के सभी भागों में घड़ियाँ एक ही समय दिखाती हैं क्योंकि भारतीय मानक समय 82, अक्षांश के अनुसार निर्धारित किया गया है। इसलिए गुजरात और अरूणाचल प्रदेश दोनों ही राज्यों में घड़ियाँ एक ही समय दिखाती हैं।

**प्रश्न 4.** हिंद महासागर में भारत की केंद्रीय स्थिति से इसे किस प्रकार लाभ प्राप्त हुआ है?
**उत्तर :** भारतीय भूखंड पूर्वी एवं पश्चिमी एशिया के केन्द्र में स्थित है। जो भाग एशिया महाद्वीप से जुड़ा है। (भू-मार्ग एवं पर्वतीय दरों की सहायता से) वही भाग इसे उत्तर, पश्चिम एवं पूर्व दिशा में इसके पड़ोसी देशों से जोड़ता है।

दक्षिण प्रायद्वीपीय भाग हिन्द महासागर के अंदर दूर तक चला गया है जिससे भारत को पश्चिमी तट से पश्चिम एशियाई, अफ्रीका और यूरोप तथा दक्षिणपूर्वी एवं पूर्वी तट से पूर्व एशिया के देशों के साथ नजदीकी संबंध बनाने में मदद मिलती है।

भारत की सामरिक स्थिति ने प्राचीन समय से ही जल एवं थल मार्ग से विचारों एवं सामान के आदान-प्रदान में सहायता प्रदान की है। यही कारण है कि हिन्द महासागर में भारत की स्थिति अत्यंत महत्त्वपूर्ण है।

उत्तर में पर्वतों के आर-पार जाने वाले विभिन्न दरों से प्राचीन यात्रियों को आने-जाने का मार्ग मिलता था। उपनिषदों, रामायण, पंचतंत्र की कहानियों, भारतीय अंकों और देश्मलव प्रणाली संबंधित विचार इसी माध्यम से विश्व के अन्य भागों में पहुँचा था।

मसाले, मलमल और व्यापार का अन्य सामान भारत से अन्य देशों में ले जाया जाता था। दूसरी ओर यूनानी मूर्तिकला, पश्चिम एशिया से विभिन्न प्रकार के गुंबद एवं मीनार बनाने की भवननिर्माण कला देश के विभिन्न भागों में देखी जा सकती है।


हिन्द महासागर में किसी भी अन्य देश का समुद्र तट भारत जितना बड़ा नहीं हैं और वास्तव में हिन्द महासागर में भारत की महत्त्वपूर्ण स्थिति के कारण ही इस महासागर का नामकरण भारत के नाम पर किए जाने को सही ठहराता है।

## मानचित्र कौशल

**प्रश्न 1:** दिए गए की मानचित्र की सहायता से पहचान कीजिए :

1. अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में स्थित द्वीप समूह
2. भारतीय उपमहाद्वीप किन देशों से मिलकर बनता है?
3. कर्क रेखा कौन-कौन से राज्यों से गुजरती हैं?
4. भारतीय मुख्य भूभाग का दक्षिणी शीर्ष बिंदु।
5. भारत का सबसे उत्तरी अक्षांश।
6. भारत का सबसे पूर्वी और पश्चिमी देशांतर।
7. सबसे लंबी तट रेखा वाला राज्य।
8. भारत और श्रीलंका को अलग करने वाली जलसंधि।
9. भारत के केंद्र शासित क्षेत्र।


eVidyarthi




**उत्तर :**

1. लक्षद्वीप एवं अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह।
2. पाकिस्तान, अफगानिस्तान, चीन (तिब्बत), नेपाल एवं भूटान, म्यांमार और बाग्लादेश
3. गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा एवं मिजोरम
4. 37°6′
5. 8°4′
6. 68°7′ एवं 97°25
7. कन्याकुमारी
8. पाक जलडमरू
9. अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह, चंडीगढ, दादरा एवं नगर हवेली, दमन एवं दीव, लक्षद्वीप, पांडीचेरी, दिल्ली।

eVidyarthi




## परियोजना कार्य

1. अपने राज्य का विस्तार अक्षांश और देशांतर में ज्ञात कीजिए।
2. रेशम मार्ग के बारे में सूचना एकत्र कीजिए। यह भी ज्ञात कीजिए की किन नई विकास योजनाओं द्वारा उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में आवागमन के मार्ग विकसित किए गए हैं?

## उत्तर :

1. स्वयं करें।
2. स्वयं करें। निम्नलिखित संकेत आपकी सहायता कर सकते हैं:

'रेशम मार्ग' चीन एवं भूमध्य सागर के बीच अंतर्राष्ट्रीय व्यापार का एक महत्त्वपूर्ण मार्ग है। क्योंकि इस मार्ग से होने वाले व्यापार में रेशम का एक बड़ा हिस्सा होता था, अतः 1877 में फर्डीनेन्ड वॉन रिक्टॉफेन नामक एक प्रसिद्ध जर्मन भूगोलवेत्ता ने इसका नाम 'रेशम मार्ग'

रख दिया। पारंपरिक रेशम मार्ग पूर्व एवं पश्चिम के बीच संबंध के कारण विकसित हुआ जिसने सांस्कृतिक विरासत के आदान-प्रदान को बढावा दिया। हाल के वर्षों में रेशम मार्ग एक बार पुनः समुद्री मार्ग एवं थल मार्ग दोनों से प्रयोग किया जा रहा है।

eVidyarthi